हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 18 जनवरी 2025

तापमान
अधिकतम 18.1 डिग्री
न्यूनतम 5.6 डिग्री

11 जन्म कल्याणक महोत्सव में नतमस्तक हुए श्रद्धालु



12 काव्य पाठ लावण्या ने पाया दूसरा स्थान



## खबर संक्षेप

### फरमाना में परिवार पर हमला, मारपीट

**खरखौदा।** गांव फरमाना में कुछ लोगों ने एक परिवार के कई सदस्यों को पीटकर घायल कर दिया। प्रकाश ने बताया कि उसके घर उसकी बहन व भांजी आए हुए थे। गांव के जयदीप ने उसकी बहन व भांजी का गली में रास्ता रोककर गाली गलौज करना शुरू कर दिया। बाद में उसके परिवार से 8-10 लोग उनके घर पर आकर उनके साथ मारपीट करने लगे। उन्होंने मुझे, मेरी मां, बहन, भांजी व बेटी के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। जो घर के सामने लगे हुए कैमरे में कैद है। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खड़े ट्रक से बैट्री चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र के बीसवां मिल चौक के पास खड़े ट्रक से बैटरी चोरी होने का मामला सामने आया है। चालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग मिल सके। ढाणी भांबू हनुमानगढ़ राजस्थान निवासी भगवानराम ने बताया कि वह कि वह गंगानगर से मूंग लोड कर चला था। वह जीटी रोड पर राई के पास पहुंचा। जहां ट्रक को बीसवां मील के पास ट्रक सड़क पर खड़ा करके सो गया। सुबह उठ कर ट्रक स्टार्ट करने लगे तो ट्रक स्टार्ट नहीं हुआ। जांच की तो ट्रक की दो बैटरी गायब थी।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपित सुमित निवासी पलड़ी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सेक्टर-7 यूनिट में तैनात सिपाही अमित ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान पलड़ी बस अड्डे के पास मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक की अवैध हथियार सहित होने की सूचना मिली थी। टीम ने आरोपित को काबू कर तलाशी ली। उसके पास एक पिस्तौल व दो जिंदा रौंद मिले थे। आरोपित की पहचान अंकित के रूप में हुई थी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर लेकर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### घसौली से 20 वर्षीय युवक घर से लापता

**गन्नौर।** घसौली गांव से 20 वर्षीय युवक घर से लापता हो गया। युवक के पिता ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में घसौली गांव के राजेश ने बताया कि उसका 20 वर्षीय बेटा राहुल गत 6 जनवरी को बिना बताए घर से साधु बनने के लिए चला गया। दो साल पहले भी राहुल बाबा का भेष अपनाकर घर से गायब हो गया था और डेढ़ साल बाद वापस लौटा था। उन्होंने राहुल की तलाश के लिए पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डाटा एंट्री आपरेटर की बाइक चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में कंपनी के बाहर से कर्मचारी का दो-पहिया वाहन चोरी होने का मामला सामने आया है। कर्मचारी ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। देव नगर निवासी बालेंद्र ने बताया कि वह ओमेक्स सिटी स्थित परफेक्ट फायर सोल्यूशन में बतौर डाटा एंट्री आपरेटर कार्य करते है। वह कार्यालय पर गए तो बाइक को बाहर खड़ा कर दिया। काम खत्म कर जब बाहर आए तो बाइक वहां पर नहीं मिली।

# आरोप : 76 में से 41 पटवारी भ्रष्ट, 15 निजी सहायकों के जरिये करते हैं लेनदेन

**हड़कंप**

- राज्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग के मुख्यालय ने उपायुक्त के नाम भेजी खुफिया रिपोर्ट में लगाए आरोप
- भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने के दिए निर्देश
- ज्यादातर पर इंतकाल दर्ज करने व पुराना रिकॉर्ड निकालने की एवज में रुपये लेने का संगीन आरोप
- 14 जनवरी को भेजा था पत्र, 15 दिन में कार्रवाई कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

भ्रष्टाचार में लिप्त पटवारियों को लेकर राज्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग के मुख्यालय की तरफ से उपायुक्त के नाम खुफिया रिपोर्ट भेजी गई है। जिसमें जिले के 41 पटवारियों के नाम हैं। इन 41 पटवारियों को सीधे तौर पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोपी बताया गया है। इनमें से 15 पटवारियों के नाम ऐसे हैं, जो अपने निजी सहायक रखते हैं। इन्हीं सहायकों के माध्यम से लेनदेन करने का आरोप लगाया गया है।

इनमें से ज्यादातर पर इंतकाल दर्ज करने व पुराना रिकार्ड निकालने के एवज में रुपये लेने का आरोप है। खुफिया रिपोर्ट में ऐसे पटवारियों के खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई कर रिपोर्ट भेजने को लिखा गया है।

### रिपोर्ट सोशल मीडिया पर जारी होने के बाद से जिले में हड़कंप

जानकारी अनुसार प्रदेश सरकार की तरफ से पटवारखानों में भ्रष्टाचार की मिल रही शिकायत के बाद एक खुफिया रिपोर्ट तैयार करवाई है। रिपोर्ट को अब सभी उपायुक्त को भेजा गया है। सोनीपत में नियुक्त 76 में 41 पटवारियों का नाम सूची में शामिल है। रिपोर्ट सोशल मीडिया पर जारी होने के बाद हड़कंप मच गया।

पटवारी व उनके परिचित उनसे कॉल कर सूची में नाम होने को लेकर जानकारी लेने लगे। दिनभर पटवार खानों में लोग इसे लेकर चर्चा करते हुए दिखे। राजस्व विभाग के वित्तायुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव की तरफ से 14 जनवरी को डीसी के नाम भेजे पत्र में उक्त पटवारियों के खिलाफ 15 दिन में कार्रवाई कर उसकी रिपोर्ट भेजने को लिखा गया है।

### खरखौदा : सभी सूची में शामिल

प्रदेश भर के सभी जिलों में जारी की गई सूची में सोनीपत जिले की सूची में 41 पटवारियों के नाम हैं। इनमें से 15 पर आरोप है कि उन्होंने अपने सहायक रखे हुए हैं।

वह उनके माध्यम से रुपये की मांग करते हैं। पटावारियों के साथ उनके पास बतौर सहायक काम करने वालों के नाम तक सूची में दिए गए हैं। खरखौदा ब्लॉक के सभी 11 पटवारियों के नाम सूची में हैं।

### ये आरोप लग रहे

खुफिया रिपोर्ट में आरोप है कि पटवारी व उनके सहायक इंतकाल, रजिस्ट्री कराने व पुराना रिकार्ड निकालने के नाम पर रुपये लेते हैं। इनमें खरखौदा ब्लॉक के 11 पटवारियों व चार सहायक पर इंतकाल व रजिस्ट्री करवाने, पुराना रिकार्ड निकालने आदि के नाम रुपये लेने का आरोप है। वहीं 30 पटवारियों व 11 सहायकों पर इंतकाल दर्ज करने व पुराना रिकार्ड निकालने की एवज में रुपये लेने का आरोप है।

### एसोसिएशन बोलीं, छवि खराब करने का प्रयास

दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन सोनीपत के प्रधान सन्नी दहिया ने कहा कि प्रदेश भर के पटवारियों को सरकार की तरफ से भ्रष्टाचारी बता दिया गया है। आरोप है कि सरकार की छवि खराब हो रही है। 370 पटवारियों को भ्रष्टाचारी बता दिया गया। इन पटवारियों की छवि को ठेस पहुंचाई है। भ्रष्टाचार का जो आरोप लगाया गया है, इसका सूत्र भी नहीं है। दोषी करार देना कोर्ट का काम है न कि सरकार या किसी अधिकारी का। हाईकोर्ट के वकीलों से राय ले रहे हैं, यह आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद है। ऐसी बेइज्जती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राज्यस्तरीय एसोसिएशन के पदाधिकारियों संग ऑनलाइन बैठक हुई है। उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं से विचार कर इसे लेकर सोमवार को कड़ा फैसला लिया जाएगा।

### पत्र मिलने पर कार्रवाई

- इस मामले में अभी तक कोई अधिकारिक पत्र नहीं मिला है। अधिकारिक पत्र मिलने के बाद सरकार के निर्देशों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।
-**जिवेंद्र मलिक**, तहसीलदार सोनीपत

# युवक को गोली मारने का दूसरा आरोपी गिरफ्तार



**खरखौदा।** पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

गोली चलाकर जानलेवा हमला करने की घटना में शामिल दूसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी राहुल निवासी कंसाला का रहने वाला है।गत 29 अक्टूबर जसबीर कंसाला ने थाना खरखौदा में शिकायत दी थी कि वह और उसके मामा का लडका मोहित गोपालपुर दोनो मोटरसाइकिल पर अपने घर का सामान लेने के लिए खरखौदा गए थे। वे दोनों दोपहर करीब 3 बजे गाँव गोपालपुर वापस जा रहे थे। जब वे गोपालपुर अंडरपास के पास पहुंचे तो पीछे से एक मोटरसाईकिल पर 2 लडके बैठे थे। उनमें से 1 ने अपने हाथ में ली हुई देसी पिस्तौल से मोहित पर गोली चला दी। जो गोली मोहित की कमर में लगी, उसने मोटरसाइकिल को तेज भगा लिया। फिर दोनों लड़कों ने उनका पीछा करके कई गोली चलाई। मोहित ने उसे बताया था कि गोली चलाने वाला सन्नी खरखौदा है। पुलिस टीम ने गोली चलाकर जानलेवा हमला करने की घटना में शामिल आरोपी अंकुश उर्फ भूंडरी निवासी गढी सिसाना को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब इस घटना में दूसरे आरोपी राहुल निवासी कंसाला को भी गिरफ्तार किया है।

# नशा तस्करी में पंजाब का इनामी लाखा काबू

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट वेस्ट सोनीपत टीम ने मादक पदार्थ तस्करी करने व पांच हजार रुपये के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित लाखा निवासी संगरूर पंजाब का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। सहायक उप निरीक्षक सुनील की टीम गत 13 मार्च 2024 को गांव बड़वासनी के पास मौजूद थी। टीम ने संदिग्ध हालत में कार खड़ी हुई मिली। उसके पास जाकर देखा तो उसमें नशीला पदार्थ मिला। जांच की तो कट्टे में अलग-अलग किलो के हिसाब से नशीला पदार्थ मिला। जिसका वजन किया तो कुल 192 किलो से ज्यादा नशीला पदार्थ था। इस संबंध में सदर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया था। वारदात में शामिल आरोपित की तलाश के लिए पुलिस विभाग व उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पांच हजार रुपये का इनाम रखा गया था। उपनिरीक्षक ओमबीर की टीम ने पांच हजार रुपये के ईनामी तस्कर लाखा को पंजाब से गिरफ्तार किया है। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। कोर्ट ने उसे चार दिन के रिमांड पर भेजा दिया।

- अदालत ने आरोपी को चार दिन के रिमांड पर भेजा



# डॉ. गर्ग बने मुरथल विवि के रजिस्ट्रार, कार्यभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

पानीपत के आई.बी. स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य रहे डा. अजय कुमार गर्ग को दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, मुरथल का रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया। उनकी यह नियुक्ति प्रदेश के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने की है। शुक्रवार को डा. अजय ने मुरथल विवि में पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। उन्हें विवि के कुलपति श्रीप्रकाश सिंह ने कार्यभार ग्रहण करवाया। इस दौरान प्रदेश के शिक्षा मंत्री के भाई हरपाल ढांडा विशेष तौर पर मौजूद रहे। वहीं, प्रदेश के एडिड कॉलेजों की प्रिंसिपल एसोसिएशन के अनेक पदाधिकारी भी इस दौरान उपस्थित हुए। कार्यभार संभालने से पहले वीसी के साथ रजिस्ट्रार डा. अजय व अन्य ने दीनबंधु सर छोटूराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित भी किए। डा. अजय इससे पहले पानीपत में आर्य कॉलेज में साइंस विभाग के एचओडी और बाद में आईबी कॉलेज के प्राचार्य रहे हैं। दोनों कार्यकाल के दौरान उनके काम को खूब सराहना मिली है। रजिस्ट्रार डा. गर्ग ने कहा कि उनके लिए यह गर्व का विषय है कि प्रदेश की प्रतिष्ठित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कार्य करने का अवसर मिला है। उनका ध्येय विद्यार्थियों को जॉब सिकर नहीं बल्कि जॉब प्रोवाइडर बनाने की दिशा में प्रवृत्त करना है। इस दौरान डा. अजय गर्ग की पत्नी डा. ईरा गर्ग के अलावा प्राचार्यों में डा. संजय गोयल, डा. रामपाल सैनी, डा. जगदीश गुप्ता, डा. सुरेंद्र राणा, डा. नरेंद्र सिंह, डा. मंजूला स्पाल, डा. ऋषिपाल, डा. राजीव कुमार के साथ ही अश्विनी मित्तल, गगन कंसल सहित अन्य मौजूद रहे।

- पानीपत के आईबी कॉलेज के प्राचार्य रहे हैं डा. अजय



**सोनीपत।** कुलसचिव का कार्यभार ग्रहण करते डॉ. अजय कुमार साथ में कुलपति एवं अन्य।

# जिले के दो स्कूलों से सामान चोरी

**सोनीपत।** सदर थाना व मोहाना थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर स्थित शिक्षा के मंदिरों से सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। गांव ठरू उल्देपुर और पिनाना के राजकीय स्कूलों को निशाना बनाया है।गांव पिनाना स्थित राजकीय कन्या प्राथमिक स्कूल में घुसकर चोर सामान चोर कर ले गए। स्कूल इंचार्ज बबीता रानी ने मोहाना थाना पुलिस को बताया कि चोर स्कूल के कार्यालय का ताला तोड़कर जहां से एलईडी टीवी, सेट-टॉप बॉक्स और दो रिमोट चोरी हो गए। स्कूल के स्वीपर ओमवीर ने चोरी की सूचना दी। जिस पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव ठरू उल्देपुर के राजकीय माध्यमिक विद्यालय की मुख्याध्यापिका राजेश बाला बताया कि मिड डे मील की रसोई का ताला तोड़कर चोर सामान चोरी कर ले गए। चोर स्कूल से दो गैस सिलेंडर, दो बड़े कूकर, दो बड़े ढक्कन वाले पतीले, स्टील का जग, बड़ा डोना, दो बड़ी कड़छी, चावल छलनी, लोहे का पलटा, 10 स्टील थाली, 50 स्टील गिलास, बर्तन रखने के दो टोकरे, दो चाय के पतीले व अन्य चोरी मिला।




# 400 मीटर दौड़ में रामभतेरी दौड़ीं सबसे तेज, अंजू द्वितीय



**गोहाना।** खंड कथूरा की महिलाओं के लिए शुक्रवार को गांव आहुलाना के खेल स्टेडियम में खंडस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं करवाई गई। विजेता महिलाओं को महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी (डब्ल्यूसीडीपीओ) निर्मला देवी ने सम्मानित किया। 17 से 30 आयु वर्ग की महिलाओं के लिए 300 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, साइकिल दौड़ जबकि 30 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए 100 मीटर दौड़, म्यूजिकल चेयर व डिस्क्रस थ्रो प्रतियोगिताएं करवाई गई।

### ये रहे परिणाम

400 मीटर दौड़ में गांव भावड़ की रामभेतरी पुत्री किशन पहले स्थान पर रही। इसी गांव की अंजू पुत्री जगत दूसरे स्थान पर और गांव कैहल्पा की अनु पुत्री दिलबाग तीसरे स्थान पर रही। 300 मीटर दौड़ में गांव भावड़ की अदिति ने पहला, गांव आहुलाना की खुशी पुत्री राजेश कुमार ने दूसरा व गांव रिंढाणा की तनु ने तीसरा स्थान हासिल किया। साइकिल दौड़ में गांव आहुलाना की नेहा, गांव बनवासा की शालू और गांव गुढ़ा की पूजा, 100 मीटर दौड़ में गांव भैंसवाल की पूनम, गांव निजामपुर की नीलम और गांव छपरा की मुकेश क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। म्यूजिकल चेयर में गांव कथूरा की चन्द्रकला, गांव मदीना की धौली और गांव छपरा की संतोष जीती। , डिस्कस थ्रो में गांव मदीना की पिंकी, गांव कथूरा की पिंकी और गांव कथूरा की मीना ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

# विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**खरखौदा।** दहिया युवा सर्वजातीय सर्वधर्म सामाजिक पंचायत के बैनर तले दो महत्वपूर्ण विषयों को लेकर एसडीएम निर्मल नागर को ज्ञापन दिया गया। जिसमें उल्लेख किया गया है कि खरखौदा शहर में लंबे समय से मीट की दुकानें अवैध रूप से चलाई जा रही हैं। उक्त मुद्दे पर बीते सप्ताह 10 जनवरी को मटिण्डू चौक पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एक दिन का सांकेतिक धरना दिया था और उन्हें ज्ञापन के माध्यम से समस्या से अवगत कराया था। जिसके बाद से मटिंडू चौक पर चलाई जा रही मीट की अवैध दुकाने बंद हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेखित है कि पिछले वर्ष 2 मार्च 2024 को हुई भारी ओलावृष्टि होने से किसानों को काफी नुकसान हुआ था। लेकिन कई किसानों के आधार कार्ड और बैंक खातों में नाम में त्रुटी होने पर सरकार के आदेश अनुसार उसको लगभग 7 महीने पहले किसानों ने ठीक करा लिया था। 23 नवंबर 2024 को उपायुक्त से भी किसान मिले थे। उपायुक्त ने भी सभी गांव के नाम नोट किए थे।

# प्राकृतिक खेती के प्रोजेक्ट मॉडल तैयार करने वाले किसानों के खाते में सब्सिडी सीधे भेजी जाएगी

### किसानों को चार हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से अनुदान जारी किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले में प्राकृतिक खेती प्रोजेक्ट मॉडल तैयार करने वाले धरती-पुत्रों को खाते में सीधे तौर से सब्सिडी भेजी जायेगी। उक्त राशि में किसानों को चोर हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से अनुदान जारी किया जायेगा। विभाग की तरफ से प्रत्येक ब्लॉक पर 40 मॉडल तैयार किए जायेगें। विभाग की तरफ से किसानों को ट्रेनिंग दी जा रही है। जिले के 7 ब्लाकों में 280 एकड़ भूमि के लिए अनुदान जारी किया जाएगा। ताकि प्राकृतिक खेती की तरफ किसान जल्द से जल्द अग्रसर हो सके।

बता दें कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग ने किसानों को प्राकृतिक खेती के मॉडल प्लांट तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया था, ताकि अन्य किसानों को भी प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक किया जा सके। उक्त मॉडल प्लांट तैयार करने वाले किसानों का पंजीकरण किया गया था। उक्त किसानों के खातों में अब सीधे अनुदान राशि जारी की जाएगी। वहीं जिला कृषि विभाग द्वारा प्रत्येक ब्लाक में 40 मॉडल प्लांट तैयार करने का लक्ष्य रखा गया था। जिसे पूरा कर लिया गया है। जिले के 7 ब्लाकों में 280 एकड़ भूमि के लिए अनुदान जारी किया जाएगा। उक्त मॉडल प्लांट में किसान द्वारा जो भी फसल उगाई गई, वह पूरी तरह से प्राकृतिक खेती पद्धति से ही उगाई है।

किसानों बेहतर ढंग से प्राकृतिक खेती कर पाए, इसके लिए कृषि विभाग ने अपने 100 कर्मचारियों को भी किसानों के साथ अटैच किया था। जोकि मॉडल प्लांट में प्राकृतिक खेती करवाने में किसानों की मदद कर रहे हैं। किसानों का पूरा रिकॉर्ड और भूमि में प्राकृतिक खेती पद्धति की गतिविधियों को लेकर एक रजिस्टर भी तैयार किया गया है। जिसके अंतर्गत समय अनुसार गतिविधियों को दर्ज किया गया है, ताकि किसानों को अगले वर्ष प्राकृतिक खेती करने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत न आए।

- हर ब्लॉक में 40 मॉडल तैयार किए जाएंगे



### खेती को लेकर किसान ले रहे ट्रेनिंग

वहीं दूसरी तरफ कृषि विभाग ने जिले में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को लगातार ट्रेनिंग देने की प्रक्रिया भी शुरू कर रखी है। रबी सीजन में प्रत्येक ब्लाक में प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए ट्रेनिंग कैंप आयोजित किए जाएंगे। गत माह सोनीपत के किसानों ने बुलंदशहर का दौरा करके भी प्राकृतिक खेती की ट्रेनिंग प्राप्त की थी। जिले में मौजूदा समय में करीब 800 किसानों ने प्राकृतिक खेती करने के लिए खुद को पोर्टल पर पंजीकरण किया है।

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहा विभाग

जिले में किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने के लिए ब्लाक स्तर पर मॉडल प्लांट तैयार किए गए थे। संबंधित किसानों को अब चार हजार प्रति एकड़ के हिसाब से अनुदान राशि जारी की जाएगी। इसकी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जल्द ही किसानों के खातों में अनुदान राशि भेज दी जाएगी। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग कारगर कदम उठा रहा है।
-**डा. पवन शर्मा**, कृषि उपनिदेशक, सोनीपत

# रैगिंग मामले में मेडिकल कॉलेज ने जांच शुरू की

- शुक्रवार को अधिकारियों ने सीनियर छात्राओं का पक्ष सुना व परिजन भी बुलाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

गांव खानपुर स्थित भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कालेज में एमबीबीएस की जूनियर छात्राओं से सीनियर द्वारा रैगिंग करने के मामले में कालेज प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को अधिकारियों ने सीनियर छात्राओं का पक्ष सुना और साथ में उनके स्वजन भी बुलाए गए। अधिकारी और छात्राएं इस मामले में अब कुछ नहीं बोल रहे हैं।

### ये था मामला

भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कालेज में एमबीबीएस की नए बैच की छात्रा ने अपने अभिभावकों को बताया कि यहां पर सीनियर छात्राओं द्वारा जूनियर की रैगिंग करके उनको परेशान किया जा रहा है। अभिभावक द्वारा इस बारे में मेडिकल कालेज के प्रशासन को सूचना दी। मेडिकल प्रशासन ने तीन दिन पहले पांच-छह सीनियर छात्राओं को कक्षाओं से निष्कासित कर दिया था। इस पर छात्राओं ने बुधवार को कालेज के निदेशक के कार्यालय के बाहर एकत्रित होकर एतराज जताया था। सीनियर छात्राओं का कहना था कि जूनियर से कोई रैगिंग नहीं की गई बल्कि नेशनल मेडिकल कौंसिल की गाइडलाइन के अनुसार ही जूनियर को कालेज के प्रोसेस से अवगत करवाया गया था। निष्कासन से पहले छात्राओं का पक्ष नहीं सुना गया। कालेज के अधिकारियों ने शुक्रवार को सीनियर छात्राओं को पक्ष सुना और उनके अभिभावकों भी बुलाया।



पोलर बियर 100 में से औसतन सिर्फ 2 बार ही अपने शिकार को पकड़ पाते हैं।



बोटो गुलाबी रंग के डॉलफिन की दुर्लभ प्रजाति है जो अमेज़न नदी में पाई जाती है।



# कैसे बनाएं बॉम्बे आर्ट कोर्स में करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

कला संस्कृति हमारे भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो सदियों से चला आ रहा है। वर्तमान समय में भी बड़े पैमाने पर कला संस्कृति को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। भारत के कोने कोने में बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रकार के शिक्षण संस्थान है जो कला से संबंधित पाठ्यक्रम का ज्ञान देते हैं तथा विभिन्न प्रकार की डिग्री प्रदान करते हैं जिसके आधार पर विद्यार्थी कला से संबंधित कार्य करते हैं और लोगों को जागरूक करते हैं अथवा कला से संबंधित अध्यापक बनते हैं। अगर आप का भी सपना कला विषय से संबंधित अध्यापक बनना है तो आप भी मुंबई आर्ट्स का कोर्स कर सकते हैं।

## युवाओं की पसंद

आज के समय में कला संस्कृति का रंग रूप थोड़ा बदल चुका है, जिससे सदियों से चली आ रही कला संस्कृति के साथ-साथ वर्तमान कला संस्कृति और अत्याधुनिक तकनीकी वाली कला संस्कृति के मिश्रण की वजह से आज के समय में हमें कला के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के नए-नए रंग रूप देखने को मिलते हैं। यही वजह है कि आज के समय में अधिकांश युवा कला के क्षेत्र में अपना करियर जोड़ना चाहते हैं। अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प ढूंढ रहे हैं। कला के क्षेत्र में आगे बढ़ कर आप तरह-तरह के कला से संबंधित कलात्मक कार्य कर सकते हैं अथवा आर्ट्स के संबंध में अध्यापक बन सकते हैं। ऐसा अब तक लाखों युवा कर चुके हैं और लाखों युवा कर भी रहे हैं। अगर आपके अंदर कोई भी हुनर है तो आप उस आधार पर कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। उससे संबंधित कोर्स करके डिग्री हासिल कर सकते हैं और अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं। बता दें कि आज के समय में विभिन्न प्रकार के विषय कला क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं ऐसी स्थिति में आपके अंदर हर किसी छोटे बड़े हुनर या कलात्मक कार्य का अनुभव आपको बेहतरीन बना सकता है। कटनी में भारत में बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले कला पर आधारित आयोजन एवं दर्शनी मुखिया रूप से दिखाई देते हैं। इसके अलावा कला से संबंधित विभिन्न प्रकार के पद भी आज के समय में हमें देखने को मिलते हैं तो आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

## क्या है यह कोर्स

बॉम्बे आर्ट एक सर्टिफिकेट कोर्स है जो कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को कराया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद विद्यार्थी कला के क्षेत्र में शिक्षक बन सकता है इसके लिए उन्हें बीएड डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। बिना बीएड डिग्री के भी मुंबई आर्ट कोर्स करने के बाद किसी भी शिक्षण संस्थान और स्कूल में पढ़ा सकता है और इसके लिए कोई दूसरी डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। इस बात से आप मुंबई आर्ट कोर्स की महत्वता समझ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट एक शिक्षण संस्थान है जो बॉम्बे आर्ट सर्टिफिकेट डिप्लोमा की डिग्री प्रदान करवाता है। महाराष्ट्र सरकार ने सबसे पहले भारत में मुंबई में इसकी शुरुआत की थी इस शिक्षण संस्थान का उद्देश्य विलुप्त हो रहे कला संस्कृति को फिर से उजागर करना और नए रूप में लोगों के समक्ष प्रस्तुत करना है। वर्तमान समय में बॉम्बे आर्ट पब्लिक ऑग्रेनाइजेश है जो पूरे भारत में फैला हुआ है तथा कोई भी संस्थान इसकी फ्रेचाइज ले सकता है। इस शिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य कलात्मक शिक्षा का प्रचार करना है। इससे बिजनेस भी किया जाता है और तरह-तरह के पद भी उत्पन्न होते हैं। आज के समय में जहां हमें प्रत्येक सरकारी नौकरी के लिए बहुत बड़े कंपीटिशन से गुजरना होता है।

## जरूरी योग्यता

किसी भी कोर्स को करने के लिए या उस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उससे संबंधित योग्यता का होना अति आवश्यक है। इसीलिए अगर आप बॉम्बे आर्ट के तहत आर्ट क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, तो आपके पास इससे संबंधित कुछ योग्यताएं अथवा पत्रता होनी चाहिए जिसके आधार पर आप इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। यह इस बात को भी प्रमाणित कर देगा कि इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आपके पास क्या है और क्या आप वास्तव में इस क्षेत्र में कुछ कर पाएंगे या नहीं। बॉम्बे आर्ट के लिए निर्धारित की गई योग्यताएं निम्नलिखित है।

- इस कोर्स को करने के लिए कम से कम 12 वीं पास होना आवश्यक है।
- विद्यार्थी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा पास करके इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है।
- बारहवीं कक्षा आर्ट्स सब्जेक्ट से पास की हुई है तो बेहतर रहेगा।
- इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी के मन में कला विषय से संबंधित रुचि होनी चाहिए।
- किसी भी प्रकार का कला से संबंधित हुनर के आधार पर इस कोर्स को कर सकते हैं।
- कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने वालों को बॉम्बे आर्ट कोर्स अवश्य करना चाहिए।

**इस तरह करें कोर्स :** कला के क्षेत्र से संबंध रखने वाला बॉम्बे आर्ट कोर्स वर्तमान समय में काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस कोर्स को करने के लिए आपके पास कुछ योग्यता और पात्रता होने चाहिए इसके अलावा कुछ जरूरी दस्तावेजों के आधार पर आप आसानी से कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट कोर्स करने के लिए आपको सबसे महत्वपूर्ण इस बात पर ध्यान देना होगा कि आपके अंदर कौन सा हुनर हैं। आप कला के क्षेत्र से संबंधित कौन सा कार्य करना जानते हैं या आपका किस कार्य में मन लगता है। उस आधार पर ही आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। अगर आप पहले से ही बॉम्बे आर्ट कोर्स करना चाहते हैं तो सबसे पहले कला वर्ग से 12वीं कक्षा 50% अंकों के साथ पास करें किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा कला वर्ग से पास करने के बाद आप महाराष्ट्र में मुंबई स्थित बॉम्बे आर्ट शिक्षण संस्थान अथवा इसकी फ्रेंचाइज के तहत बॉम्बे आर्ट कोर्स कर सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि संपूर्ण भारत में सबसे पहले महाराष्ट्र सरकार ने ही शिक्षण संस्थान की शुरुआत की लेकिन हाल फिलहाल में उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इसी तरह के एक शिक्षण संस्थान की शुरुआत की है जो इसी तरह आर्ट्स की डिग्री उपलब्ध कराती है, जिससे बिना बीएड की डिग्री के विद्यार्थी कला विषय से संबंधित अध्यापक बन सकते हैं।

### क्लेरिकल ग्रेड के कार्यों का रिव्यू करना होता है मुख्य काम

# सरकारी नौकरी पाना पहली पसंद है तो समीक्षा अधिकारी बन चमकाएं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

यह एक अति महत्वपूर्ण पद

वर्तमान समय में लाखों की संख्या में युवा सरकारी नौकरी के तहत विभिन्न प्रकार के पदों के लिए आवेदन करते हैं और दिन रात मेहनत करते हैं। ऐसा ही एक पद रिव्यू ऑफिसर का है। इस पद के लिए भी कई युवा तैयारी कर रहे हैं जबकि कुछ लोगों को तो इसके बारे में अधिक जानकारी भी प्राप्त नहीं है। तो इस आर्टिकल में हम आपको बताने वाले हैं कि वह क्या होता है तथा रिव्यू ऑफिसर कैसे बन सकते हैं। सरकारी नौकरी के तहत देश भर में विभिन्न प्रकार के पद वर्तमान समय में उपस्थित हैं। जहां पर कार्यरत होकर आप अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प का चयन कर सकते हैं। सरकारी नौकरी के तहत अच्छी सैलरी मिलती है और विभिन्न प्रकार की सुविधा मिलती है। यही वजह है कि आज के समय में अधिकांश युवा सरकारी नौकरी का चयन करते हैं लेकिन सरकारी नौकरी मिलना इतना आसान नहीं है। आमतौर पर अधिकतर युवा सरकारी नौकरी के तहत आर्मी पुलिस या फिर अध्यापक इस प्रकार के पदों के लिए आवेदन करते हैं। लेकिन मैं आपको बता दूं कि अगर आप इंडिया से हैं तो ऑफिसर के लिए आवेदन कर सकते हैं यह भी एक महत्वपूर्ण पद होता है। रिव्यू ऑफिसर बनने के बाद आपको कुछ सामान्य कार्य करना होते हैं जिसके तहत रिव्यू करना मुख्य काम होता है। इसे काफी आसान तरीके से किया जाता है लेकिन इस पद पर कार्यरत होने के लिए आपको कंपीटिशन से गुजरना पड़ेगा। हालांकि अधिकांश युवा इस पद के बारे में नहीं जानते हैं। इसीलिए इस परीक्षा को पास करना आपके लिए काफी आसान हो सकता है। समीक्षा अधिकारी क्या होता है। समीक्षा अधिकारी क्या कार्य करता है तथा समीक्षा अधिकारी कैसे बनते हैं।



## क्या होता है समीक्षा अधिकारी

आरओ का फुल फॉर्म रिव्यू ऑफिसर होता है। रिव्यु अधिकारी को हिंदी में समीक्षा अधिकारी कहते हैं। अब आप समझ गए होंगे कि इस पद का मतलब क्या होता है। नाम से ही पता चलता है की समीक्षा करना या रिव्यू करना जो आपको कार्य किया जाता है उसका रिव्यू करना होता है। उसकी समीक्षा करनी होती हैं। इस कार्य को करने वाले अधिकारी को रिव्यू अधिकारी कहते हैं। इस प्रकार के पद की पोस्टिंग की जाती है तो इसे रिव्यू ऑफिसर कहा जाता है। यहां भारत राज्यों के अंतर्गत आने वाला एक सरकारी पद है। इस पद पर कार्यरत होने के लिए लाखों की संख्या में युवा हर वर्ष आवेदन करते हैं। इस पद पर कार्यरत अधिकारी को समीक्षा अधिकारी कहा जाता है क्योंकि उसका काम रिव्यू करना होता है। मुख्य रूप से समीक्षा अधिकारी का काम क्लेरिकल ग्रेड के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करना होता है। इस प्रकार से समीक्षा का कार्य इस पद पर कार्यरत अधिकारी के द्वारा किया जाता है। यह एक आसान काम होता है जिसके लिए अच्छी तनख्वाह मिलती है और भी विभिन्न प्रकार की सरकारी सुविधाएं दी जाती है। देश के सभी राज्यों की तरह समीक्षा अधिकारी की नियुक्ति की जाती है। समीक्षा अधिकारी अपने अंतर्गत आने वाले कार्य कलारिकल ग्रेड के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करते हैं। इन समीक्षा अधिकारियों की नियुक्ति राज्य के सचिवालय के अंतर्गत आने वाले विभागों के अंतर्गत अनेक सारे अनुपमा में की जाती है। यहां पर समीक्षा अधिकारी को समीक्षा का कार्य करना होता है। विभाग से संबंधित अधिकारिक पत्रों की जांच करना और उसकी समय पर समीक्षा करना समीक्षा अधिकारी का कार्य होता है।

## आरओ के लिए योग्यता

अगर आप समीक्षा अधिकारी बनने के इच्छुक हैं तो आपको निर्धारित की गई योग्यता के आधार पर आवेदन करना होगा। बता दें कि प्रत्येक सरकारी नौकरी के लिए कुछ योग्यता निर्धारित की जाती है जिसके आधार पर आवेदन करने पर यह सुनिश्चित किया जाता है कि उस व्यक्ति के अंदर इस पद पर कार्य करने से संबंधित जानकारी हैं। योग्यता के बाद परीक्षा देनी होती है। यह परीक्षा थोड़ी मुश्किल होती हैं क्योंकि सचिवालय के अंतर्गत आने वाले विभाग और उसके अंतर्गत आने वाले अनुभाग के अंदर समीक्षा का कार्य करना बड़ी बात है। यह एक महत्वपूर्ण पद है। इसीलिए इस पद के लिए निर्धारित की गई योग्यता इस प्रकार है।

## ये आवश्यक योग्यताएं जरूरी

- समीक्षा अधिकारी बनने के लिए आवेदन कर्ता भारत का मूल नागरिक होना चाहिए।
- आवेदक के पास किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक की डिग्री होनी चाहिए।
- कुछ पोस्ट के लिए आवेदक के 'ओ' लेवल का कंप्यूटर सर्टिफिकेट होना चाहिए।
- कुछ पोस्ट के लिए आवेदक के पास कॉमर्स विषय के अंतर्गत स्नातक की डिग्री होनी चाहिए।
- आवेदन करने वाले की आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए।
- आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु सीमा में अतिरिक्त छूट प्रदान की जाती है।
- आवेदन कर्ता के लिए अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष निर्धारित की गई है।

## परीक्षा पैटर्न

समीक्षा अधिकारी करने के लिए यूपीपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा को पास करना होगा। यह परीक्षा दो चरणों में आयोजित करवाई जाती है। प्रथम चरण में प्रारंभिक परीक्षा होती है। यह एक आसान परीक्षा है इस परीक्षा को पास करने वाले विद्यार्थी द्वितीय चरण की मुख्य परीक्षा दे सकते हैं। यह थोड़ी कठिन परीक्षा होती है। तो आइए जानते हैं कि सभी चरणों की परीक्षा के अंतर्गत कितने आंखों के किस प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं

## प्रारंभिक परीक्षा

समीक्षा अधिकारी बनने के लिए आयोजित प्रारंभिक परीक्षा के अंतर्गत दो विषय से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। पहला- सामान्य अध्ययन, दूसरा- हिंदी विषय! इस परीक्षा में सामान्य अध्ययन से संबंधित 140 अंकों के कुल 140 प्रश्न आते हैं। यानी प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित किया गया है जबकि हिंदी विषय में भी इसी तरह प्रत्येक प्रश्न के लिए एक आंगन में पारित किया गया है। लेकिन इसमें कुल 60 प्रश्न होते हैं जिसके लिए 60 अंक निर्धारित किए जाते हैं। हिंदी विषय में और सामान्य अध्ययन विषय में ऑब्जेक्टिव टाइप के प्रश्न पूछे जाते हैं।

## मुख्य परीक्षा

समीक्षा अधिकारी बनने के लिए आयोजित द्वितीय चरण के मुख्य परीक्षा चार पेपर के अंतराल में आयोजित करवाई जाती है। इस परीक्षा के तहत आपको चार पेपर देने होते हैं। इस परीक्षा के लिए आपको सामान्य अध्ययन सामान्य हिंदी एवं आलेखन सामान्य शब्द एवं हिंदी व्याकरण तथा हिंदी निबंध से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। सामान्य अध्ययन का प्रश्न पत्र 2 घंटे का होता है। इसमें 120 प्रश्न 120 अंकों के लिए दिए जाते हैं।

## कैसे बनें आरओ

समीक्षा अधिकारी बनने के लिए सबसे पहले आपको अपनी योग्यता चेक कर लेनी चाहिए, कौन-कौन सी योग्यता होनी चाहिए? यह जानकारी ऊपर हम आपको बता चुके हैं। तो अब आप अपनी योग्यता के अनुसार समीक्षा अधिकारी बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले जान लीजिए कि समीक्षा अधिकारी बनाने के लिए आपको एक परीक्षा पास करनी होगी। इस परीक्षा का आयोजन यूपीपीएससी के द्वारा किया जाता है। हर वर्ष एक बार यूपीपीएससी द्वारा समीक्षा अधिकारी के पदों के लिए आवेदन मांगे जाते हैं। आवश्यकता के अनुसार विभाग द्वारा रिक्त पदों पर आवेदन मांगे जाते हैं। इसके लिए परीक्षा का आयोजन कराया जाता है। परीक्षा में पास होने वाले विद्यार्थियों के अंतर्गत मेरिट लिस्ट तैयार की जाती है और फिर मेरिट लिस्ट में से रिक्त पदों के अनुसार समीक्षा अधिकारी का चयन किया जाता है। इससे पहले आपको यह जान लेना चाहिए कि यह परीक्षा 3 चरणों में संपन्न होती है। प्रथम चरण की प्रारंभिक परीक्षा होती है। इस परीक्षा को पास करने के बाद द्वितीय चरण की मुख्य परीक्षा होती है। यह परीक्षा थोड़ी कठिन होती है इसके बाद तृतीय चरण की आखिरी परीक्षा के तहत आपका इंटरव्यू लिया जाता है।

## कार्य

**रिव्यू अधिकारी को सरकारी नौकरी के तहत कुछ आसान से कार्य करने होते हैं। समीक्षा अधिकारी को अपने अनुभाग के अंतर्गत आने वाले संबंधित सभी तरह के कार्यों को समीक्षा के आधार पर संपन्न करने होते हैं। रिव्यु अधिकारी को दिए जाने वाले कार्य इस प्रकार है।**


- समीक्षा अधिकारी का कार्य अपने अंतर्गत आने वाले विभाग में विवरण पत्र तथा उपयोग में ली जाने वाली प्रतियों को तैयार रखना।
- अपने अंतर्गत आने वाले विभागों के अनुभाग में प्राप्त होने वाले पत्रों को हर रोज रजिस्टर करना।
- अपने अनुभाग से संबंधित जरूरी कागजात को सही ढंग से रखना और उसका संचालन करना।
- अनुवाद से संबंधित समीक्षा कार्य के रूप में अन्य सहायकों को मदद प्रदान करना।
- अनुवाद से संबंधित सभी डाक से जुड़े हुए विवरण को दर्ज करके उसे सुरक्षित रखना।

## आरओ की सैलरी

समीक्षा अधिकारी क्या होता है तथा समीक्षा अधिकारी कैसे बनते हैं। यह आपने जान लिया है तथा यह भी जान लिया है कि समीक्षा अधिकारी का क्या कार्य होता है। तो अब हम आपको यह बता देते हैं कि समीक्षा अधिकारी को कितनी सैलरी दी जाती है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि समीक्षा अधिकारी के पद आरओ के लिए आमतौर पर शुरुआत में ₹40,000 हर महीने दिए जाते हैं। जबकि इसी से संबंधित दूसरे पर एआरओ के लिए ₹35,000 तक दिए जाते हैं। और यह सैलरी बाद में अनुभव के साथ बढ़ जाती है।

*सामान्य हिंदी के तहत आपको 2 घंटे 30 मिनट में 100 प्रश्नों के उत्तर 100 अंकों के लिए देने होते हैं। सामान्य शब्द हिंदी के तहत 30 प्रश्नों के उत्तर 30 मिनट में 60 अंकों के लिए देने होते हैं। हिंदी निबंध विषय से संबंधित प्रश्न पत्र में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर 120 अंकों के लिए निर्धारित किए गए हैं। इसका समय 3 घंटे निर्धारित किया गया है। इस पद पर तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को इन सभी विषयों के अंतर्गत पूछे जाने वाले समय के अनुसार प्रश्न और उनको के बारे में पता होना चाहिए।*

# निरंतर सीखने की आदत और सही मार्गदर्शन से ही अपनी मंजिल तक पहुंच सकते हैं हम



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन में सफलता पाने के लिए सिर्फ एक दिशा में प्रयास करना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि सही दिशा में निरंतर सीखते रहना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। आज के युग में जहाँ तकनीकी और सामाजिक बदलाव बहुत तेजी से हो रहे हैं, वहां केवल वही व्यक्ति सफलता की ऊंचाइयों को छू पाता है, जो लगातार नए ज्ञान और कौशल प्राप्त करता रहता है। निरंतर सीखने का मतलब सिर्फ किताबों तक सीमित रहना नहीं है, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में नई चीजें सीखने और अपनी सोच को विस्तृत करने का है। यही सीख हमें हमारे धर्म, माता-पिता और शिक्षकों से मिलती है। धर्म हमें जीवन के नैतिक और आध्यात्मिक पहलुओं को समझने की शिक्षा देता है, जो हमें अपने कर्मों में सच्चाई, ईमानदारी और सेवा की भावना को बनाए रखने में मदद करती है।

## निष्ठा को बनाए रखना चाहिए

माता-पिता का समर्पण और संघर्ष हमें यह सिखाता है कि मुश्किलों के बावजूद हमें अपनी मेहनत और निष्ठा को बनाए रखना चाहिए। वही शिक्षक हैं, जो हमें ना सिर्फ पाठ्यक्रम से जुड़ी जानकारी देते हैं, बल्कि हमें यह भी बताते हैं कि जीवन में कैसे सही निर्णय लें, अपनी गलतियों से कैसे सीखें और हर कठिनाई को अवसर में बदलें। जब हम इन तीनों स्तंभों धर्म, माता-पिता और शिक्षकों के द्वारा दी गई शिक्षा को अपनी यात्रा का हिस्सा बनाते हैं, तो हम न सिर्फ अपने ज्ञान का विस्तार करते हैं, बल्कि अपने व्यक्तित्व को भी मजबूत बनाते हैं। इससे न केवल हमारी मंजिल तक पहुँचने की दिशा स्पष्ट होती है, बल्कि हम सफलता की ऊँचाइयों को छूने के लिए हर दिन एक नए उत्साह और विश्वास के साथ आगे बढ़ते हैं। यही असली सफलता है, जो सिर्फ बाहरी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि आत्मविकास और जीवन के हर पहलु में संतुलन बनाए रखने से आती है। आज के तेजी से बदलते हुए दौर में, यह कहा जा सकता है कि ₹सीखो और तब तक सीखते रहो, जब तक सफलता का रास्ता आपके सामने न हो।₹ जीवन में बदलाव और सुधार केवल तब संभव है जब हम अपनी क्षमता को लगातार निखारते रहें। यदि आप अपनी शिक्षा और जीवन में सफल होना चाहते हैं, तो आपको खुद को हर दिन उन्नत करने की आवश्यकता है। यह लेख इस बात पर केंद्रित है कि कैसे आप धर्म, माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन से न केवल अपने कौशल को बढ़ा सकते हैं, बल्कि वर्तमान युग की चुनौतियों का सामना भी कर सकते हैं। आज का युग तकनीकी प्रगति और जानकारी के विस्फोट का है। हर रोज नई जानकारी और कौशल सामने आते हैं, और यदि हम अपनी क्षमता को अद्यतन नहीं करते, तो हम पिछड़ सकते हैं। अपनी शिक्षा को अद्यतन करना और नए कौशल सीखना अब पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

## धर्म का महत्व

**धर्म न केवल हमारे जीवन के सिद्धांतों को मजबूत करता है, बल्कि हमें अपनी यात्रा में सही दिशा भी देता है।**

**संस्कार और नैतिक मूल्य:** धर्म हमें सच्चाई, ईमानदारी, और दूसरों की मदद करने की प्रेरणा देता है। यह हमें व्यावहारिक जीवन में सशक्त बनाने के साथ-साथ मानसिक शांति भी प्रदान करता है।

**आध्यात्मिक शक्ति:** जीवन की कठिनाइयाँ और असफलताएँ हमें निराश कर सकती हैं, लेकिन धर्म हमें आंतरिक शक्ति देता है ताकि हम उन चुनौतियों का सामना कर सकें।

**जीवन का उद्देश्य:** धर्म हमें यह सिखाता है कि जीवन केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की सेवा करना और दूसरों के जीवन में बदलाव लाना भी महत्वपूर्ण है।

**माता-पिता का महत्व :** माता-पिता जीवन के पहले गुरु होते हैं। वे हमें न केवल जीवन के मूल्य सिखाते हैं, बल्कि हर कदम पर हमें प्रेरित भी करते हैं।

**संस्कार और अनुशासन:** माता-पिता का कड़ा अनुशासन हमें मेहनत, समय प्रबंधन और लक्ष्य निर्धारित करने की कला सिखाता है।

**प्रेरणा और समर्पण:** माता-पिता का संघर्ष और समर्पण हमें प्रेरित करता है कि हम किसी भी स्थिति में हार न मानें और निरंतर मेहनत करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$ * में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या **Z** है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या **M** है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) **M+Z** (बी) **M-Z**
(सी) **M x Z** (डी) **M/Z**

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

**खबर संक्षेप**

### विवेकानंद पुस्तकालय में पुस्तक विमोचन 20 को

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के विवेकानंद पुस्तकालय में 20 जनवरी को पुस्तक विमोचन समारोह आयोजित किया जाएगा। विवेकानंद पुस्तकालय के अध्यक्ष डॉ. सतीश मलिक ने बताया कि इस पुस्तक विमोचन समारोह में कुलपति प्रो. राजबीर सिंह बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे और डॉ. अजीत सिंह राणा की पुस्तक-अमृतज्ञानः सुखद का आधार का विमोचन करेंगे। यह कार्यक्रम विवेकानंद लाइब्रेरी के कमेटी रूम में शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा।

### 10 तक आवेदन कर सकते हैं विद्यार्थी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन द्वारा ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग तथा ऑनलाइन मोड के माध्यम से संचालित यूजी/पीजी के इंटरमीडिएट पाठ्यक्रमों में जनवरी-फरवरी 2025 में एडमिशन के लिए अभ्यर्थी 10 फरवरी तक बिना विलंब शुल्क के ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### एमडीयू के सत्य प्रकाश और गजेश को गोल्ड

**रोहतक।** एमडीयू रोहतक के डॉ मंगल सेन मल्टीपरपस हाल में आयोजित की जा रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष कराटे प्रतियोगिता में आज एमडीयू रोहतक के सत्यप्रकाश ने 50 किलो भार वर्ग में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के आकाश कुमार को हराकर ओर एमडीयू के गजेश ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के जतिन को हराकर दो गोल्ड मेडल जीत कर एमडीयू का नाम रोशन किया। इनके अलावा आरवी यूनिवर्सिटी के एमपी जगरूथ ने गोल्ड, कुरुक्षेत्र के रामभजन ने सिल्वर, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली के आदित्य धनराज ब्रांज, कोटयम यूनिवर्सिटी के दीपांकर ने कांस्य पदक जीते।

### सृष्टि हुंडई ने लॉन्च की क्रेटा इलेक्ट्रिक

**रोहतक।** सृष्टि हुंडई शोरूम पर हुंडई की बहुतिक्षित क्रेटा इलेक्ट्रिक गाड़ी की शुक्रवार को लांचिंग की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र प्रसाद जैन, अंश जैन व सचिन जैन रहे। उन्होंने रिबन काटकर कार को लांच किया। शोरूम के जनरल मैनेजर गुलशन सचदेवा ने बताया कि यह देखने में काफी खूबसूरत व आकर्षक फीचर्स के साथ 6 वेरिएंट में है। यह गाड़ी ऑटोमेटिक में लॉन्च की गई है। इसमें दो बैटरी के विकल्प दिए गए हैं एक बैटरी 42 केडब्ल्यूएच की है जो 390 किलोमीटर की रेंज के साथ है।

### एसडीएम कार्यालय में कार्यक्रम का किया आयोजन

# एसडीएम ने अधिकारियों को दिलाई संविधान की प्रस्तावना की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में खरखौदा के विभिन्न सरकारी कार्यालयों के अधिकारियों ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने उन्हें शपथ दिलाई गई। पहले अधिकारियों ने शपथ ग्रहण की और बाद विभिन्न सरकारी दफ्तरों में भी शपथ ली गई। इस मौके पर खरखौदा खंड शिक्षा अधिकारी सुजाता खत्री, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी आस्था गर्ग सहित विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। एसडीएम डॉ निर्मल नागर ने शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभूत्व सम्पन्न, समाजवादी, पथ निरपेक्ष, गणराज्य बनाने के लिए व समस्त प्राणियों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिज्ञ न्याय, विचार अभिव्यक्ति विश्वास, धर्म और भाषा की स्वतंत्रता, निष्ठा और अवसर की क्षमता प्राप्त करने के लिए कर्तव्य से कार्य करते रहेंगे। उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता, और अखंडता सुनिश्चित करने वाली प्रभुता बढ़ाने के लिए दृष्ढ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आत्म अर्पित करते हैं।



खरखौदा। अधिकारियों को शपथ दिलाते एसडीएम डॉ निर्मल नागर

### लघु सचिवालय में दिलाई संविधान प्रस्तावना की शपथ



**सोनीपत।** देश के संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर सबका संविधान-सबका स्वाभिमान थीम पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के तहत शुक्रवार को लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में सामूहिक संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान प्रस्तावना की शपथ दिलाई। इस मौके पर डीसीपी प्रबीना पी, एसडीएम अमित कुमार, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार, डीआईपीआरओ राकेश गौतम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**इन विभागों में भी किया गया आयोजन :** नगर निगम सोनीपत, महिला एंव बाल विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, खेल विभाग, सिंचाई विभाग, आयुष विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, मार्केट कमेटी सोनीपत, नगर परिषद गोहाना कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय, आबकारी एव कराधान विभाग सहित सभी विभागों में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा संविधान प्रस्तावना की शपथ ली गई और संकल्प लिया गया कि वे अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करेंगे।



सोनीपत। योग करते हुए बंदी। फोटो : हरिभूमि

## जेल में कैदियों व जेल स्टाफ को करवाया सूर्य नमस्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी से लेकर स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती 12 फरवरी तक हर घर सूर्य नमस्कार अभियान चलाया गया है। जिसमें हरियाणा योग आयोग और आयुष डिपार्मेंट की तरफ से प्रत्येक को सूर्य नमस्कार और अपने महापुरुषों की जीवनी के बारे में बताया गया। इस अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति तक योग को पहुंचना है और स्वास्थ्य लाभ पहुँचाना है। योग सहायक नीरज लुहारी टिब्बा, पवन एवं जोगिंदर कुमार ने पुरुष कैदियों को योग करवाया। जेल में कैदियों एवं जेल स्टाफ ने लगभग 350 ने सूर्य नमस्कार का लाभ प्राप्त किया और जो अच्छे योग करने वाले तीन योग साधक होंगे। उनको सम्मानित भी किया जाएगा। सूर्य नमस्कार अभियान आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के दिशा निर्देश व जिला आयुर्वेदिक ऑफिसर डॉक्टर बलविंदर वह नोडल अधिकारी डा. विनोद की देखरेख में पूरे सोनीपत में सूर्य नमस्कार का अभियान चलाया गया है। सोनीपत जिला कारागार में सुपरीटेंडेंट राजेंद्र सिंह डेप्युटी सुपरीटेंडेंट संदीप कुमार की अध्यक्षता में योग ट्रेनर पवन कुमार, नीरज कुमार, जोगेंद्र कुमार, कृष्णा देवी, निशा देवी ने जिला सोनीपत की जेल में पुरुष और महिलाओं को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया।



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते ठेका सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# तनख्वाह को लेकर सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी

- 2 माह की सैलेरी मांगते हुए तीसरे दिन भी काम बंद रखा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

सोनीपत ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच के बैनर तले ठेका सफाई कर्मचारी अपनी 2 महीने की सैलरी को लेकर नगर निगम में इक्कठा हुए। सफाई कर्मचारियों का काम बन्द किए हुए तीसरा दिन है। कर्मचारियों ने नगर निगम से लेकर सुभाष चौक तक प्रदर्शन करते हुए नगर निगम प्रशासन व सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रधान मुकेश टांक ने बताया कि बार-बार आला अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा, डीसी, नगर निगम कमिश्नर, लेबर कोर्ट, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, विधायक निखिल मदान, कृष्णा गहलावत इन सब ज्ञापन देने के बाद भी सफाई कर्मचारियों की सैलरी की समस्या का कोई भी समाधान नहीं निकला। सोनीपत इकाई प्रधान भारत कंडेरा व जिला प्रधान राजा भाई ने भी बताया कि ठेका सफाई कर्मचारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर इनकी मांगो का जल्द ही समाधान नहीं किया गया तो नगर पालिका के कच्चे, पक्के व डोर टू डोर का भी काम बंद कर दिया जाएगा। शनिवार को 10 बजे नगर निगम से सभी ठेका सफाई कर्मचारी इकठ्ठा होकर नगर निगम से प्रदर्शन करते हुए बस अड्डा से होते हुए वापस नगर निगम में इक्कठा होंगे। इस दौरान प्रदेश कार्यकारी सदस्य मुकेश कर्मा, अंकुश, विजय तोमर, रवींद्र,, सावन, प्रवीण, सुनील, राहुल, प्रवीण, युधिष्ठिर, अनिल, बलजीत, माया, पिंकी, उषा अंजू, मंजू, रीना, रेनू, आरती, पूनम, राधा, आदि मौजूद रहे।

## बच्चों ने सूर्य नमस्कार की मुद्राओं का अभ्यास किया

- ग्लोबल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

खानपुर कलां स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को सूर्य नमस्कार योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार की मुद्राओं का अभ्यास किया। कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन स्कूल के एमडी पंकज जाले का रहा। अध्यक्षता प्राचार्या प्रीति शर्मा ने की। एमडी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार एक प्राचीन योगाभ्यास है, जो शारीरिक व मानसिक रूप से बहुत लाभकारी है। सूर्य नमस्कार का अभ्यास तनाव कम करने व एकाग्रता बढ़ाने में सहायक है, जिससे छात्रों में आत्मविश्वास की वृद्धि होती है। यह योगाभ्यास हमारे पाचन तंत्र में सुधार करके शरीर को लचीला व मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार की सभी मुद्राएं हमें स्वस्थ तथा सक्रिय जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं।



गोहाना। सूर्य नमस्कार का अभ्यास करते हुए ग्लोबल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।

### संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में सविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय की सभी कक्षाओं के छात्रों ने शिरकत की। संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूर्ण होने की उपलक्ष में यह समारोह मनाया गया। जिसमें छात्रों ने संविधान पठन कर इसमें निहित मूल मूल्यों को दोहराते हुए संविधान के निर्माताओं को नमन किया व संविधान के महत्व को दर्शाया। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्या डॉ. ममता मलिक ने कहा कि यह समय मानवीय और संवैधानिक मूल्यों को अपने व्यवहार के केंद्र में लाने का है, संविधान हमारे देश के कानूनों और सिद्धांतों का आधार है और यह सभी नागरिकों के अधिकारों और स्वतंत्रता को सुनिश्चित करता है। इस अवसर पर विद्यालय डायरेक्टर सुरेंद्र मलिक, उप प्रधानाचार्या मशेनका, हर्ष, रेशमा, रुचि, रेखा, वीरेंद्र, सुमित, विन्नी, रितु, सीमा, ज्योति, सुमन, सुरेखा, मीनाक्षी आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा ने सर्वसम्मति से किया मंडल अध्यक्षों का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

भाजपा जिला कार्यलय सेक्टर 8 के परिसर मे भाजपा पदाधिकारियों व वरिष्ठ कार्यकर्ताओ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा ने की। जिला चुनाव अधिकारी अशोक गुर्जर की देखरेख में 23 मंडलों के अध्यक्षों का चुवाव सर्वसम्मिति से किया गया। बैठक मे जिला सह चुनाव अधिकारी प्रदीप जैन ने कहा की भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी ही नहीं, विश्व की सबसे अनुशाषित पार्टी भी है। बैठक मे जिला प्रभारी सतीश नांदल ने कहा कि भाजपा मे सभी कर्मठ कार्यकर्ताओ का विशेष सम्मान है। बैठक में जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा ने कहा कि भाजपा अंत्योदय राष्ट्रवाद व सुशासन की भावना से सभी कार्य करते है, ताकि दीन दयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनो को साकार किया जा सके। इस अवसर पर जिला सह चुनाव अधिकारी योगेश जठेडी, जिला महामंत्री व सह चुनाव अधिकारी नवीन मंगला, जिला महामंत्री निशांत छोक्कर, जिला कोषाध्यक्ष बलराम कौशिक, विधायक निखिल मदान, वरिष्ठ नेता राजीव जैन, भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक, मनोज जैन, सुरेंद्र मदान, नरेश वर्मा, मुकेश बत्रा, अशोक भारद्वाज, मुकेश बसोदी, अरुण चौहान शामिल हुए।

### मदविः 10 तक बिना विलंब शुल्क के आवेदन कर सकते हैं विद्यार्थी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि में सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन द्वारा ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग तथा ऑनलाइन मोड के माध्यम से संचालित यूजी/पीजी के इंटरमीडिएट पाठ्यक्रमों में जनवरी-फरवरी 2025 में एडमिशन के लिए अभ्यर्थी 10 फरवरी तक बिना विलंब शुल्क के ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।सीडीओई निदेशक प्रो. नसीब सिंह गिल ने बताया कि सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन द्वारा ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड से संचालित इंटरमीडिएट पाठ्यक्रमों- बीए दूसरे वर्ष- तीसरे व चौथे सेमेस्टर तथा तीसरे वर्ष- पांचवें व छठे सेमेस्टर, बीकॉम दूसरे वर्ष- तीसरे व चौथे सेमेस्टर तथा तीसरे वर्ष-पांचवें व छठे सेमेस्टर, एमए दो वर्षीय- हिन्दी, संस्कृत, एमएससी गणित दूसरे वर्ष-तीसरे व चौथे सेमेस्टर, एम.लिब एंड इंफॉर्मेशन साइंस दूसरे वर्ष-तीसरे व चौथे सेमेस्टर तथा ऑनलाइन मोड से संचालित इंटरमीडिएट पाठ्यक्रमों- एम कॉम दूसरे वर्ष- तीसरे व चौथे सेमेस्टर तथा एमएससी गणित दूसरे वर्ष-तीसरे में प्रवेश के लिए 10 फरवरी तक बिना विलंब शुल्क के ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## 90 कर्मचारियों को दी बुनियादी प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस समिति द्वारा एमडीयू के सुरक्षा कर्मियों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय बुनियादी प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। वाईआरसी प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. अंजु धीमान ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को आपात स्थिति के दौरान प्रभावी ढंग से प्राथमिक उपचार देने बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। डीन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. हरीश दूरेजा ने बतौर मुख्यातिथि इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रो. दुरेजा ने प्राथमिक उपचार को जीवनदायिनी बताते हुए प्रतिभागियों से प्राथमिक उपचार कौशल में दक्षता हासिल करने की बात कही और इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन के लिए यूथ रेड क्रॉस की सराहना की। दूसरे दिन यूथ रेड क्रॉस कार्यक्रम में प्रो. राधेश्याम ने शुभारंभ किया और जीवन में प्राथमिक उपचार की महत्ता से प्रकाश डाला। प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण अधिकारी डीएस. सैनी तथा एमसी धीमान ने बतौर रिसोर्स पर्सन कार्यक्रम में शिरकत की।

### अब तक 23545 किसानों ने करवाया फसल पंजीकरण : डीसी

**रोहतक।** उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने किसानों का आह्वान किया है कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा अपनी फसल को मंडी में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए अपनी फसल का 20 जनवरी से पूर्व मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण अवश्य करवाएं। अभी तक जिला के 23545 किसानों ने 154237 एकड़ जमीन का पंजीकरण मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर करवा दिया है। शेष किसान भी निर्धारित तिथि तक अपनी फसल का पंजीकरण इस पोर्टल पर करवाएं। धीरेंद्र खडगटा ने बताया कि मेरी फसल-मेरा ब्यौरा प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके अन्तर्गत किसानों को अपनी भूमि का विवरण, बैंक खाता नम्बर व बोई गई फसल का विवरण मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर दर्ज करवाना होता है। मंडी में अपनी फसल को न्यनतम समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए फसल का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। पोर्टल पर पंजीकरण करवाने वाले किसानों को विभाग व हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा।



### अमन ने मनाली में हुए युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रोहतक।** श्री लालनाथ हिंदू कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक अमन ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की ओर से हिमाचल प्रदेश के मनाली में आयोजित युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में भागीदारी की। शिविर का आयोजन 8 से 15 जनवरी तक हुआ, जिसमें महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से 28 एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया। अमन ने विभिन्न गतिविधियों जैसे पर्वतारोहण, टीम निर्माण, नेतृत्व कौशल विकास और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कॉलेज प्राचार्य अनिल कुमार तनेजा ने कहा कि अमन ने कॉलेज का नाम रोशन किया है। युवा नेतृत्व प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम छात्रों को नेतृत्व और सेवा की भावना विकसित करने में मदद करते हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजनी कुमारी ने भी अमन को इस उपलब्धि पर बधाई दी।





गन्नौर। तीर्थंकर पर कलशों से जन्माभिषेक करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

# धूमधाम से मनाया तीर्थंकर जन्म कल्याणक महोत्सव, 20 रथों के साथ निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

नई अनाज मंडी में सौरभ सागर महाराज के सानिध्य में पंचकल्याणक महोत्सव का तीसरा दिन जन्म कल्याणक महोत्सव के रूप में मनाया गया। महोत्सव की शुरुआत माता की गोद भराई और तीर्थंकर बालक के जन्म की विभिन्न गतिविधियों के मंचन से हुई। प्रथम कलश का सौभाग्य सुरेंद्र जैन खेत वाले परिवार को प्राप्त हुआ। महोत्सव के दौरान तीर्थंकर जन्म से पहले रत्नों की वर्षा का मंचन किया गया। भगवान के जन्म पर कुबेर इंद्र ने पंडाल में रत्न बरसाए। इसके बाद शहर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा जैन मंदिर से शुरू हो कर रेलवे रोड, नगरपालिका रोड, बादशाही रोड, देवीलाल चौक से होते हुए वापिस नई अनाज मंडी स्थित पांडु शीला पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में 20 रथों पर इंद्र-इंद्राणी, दो ऐरावत हाथियों पर 100 धर्म इंद्र और कुबेर इंद्र सवार थे। इसके बाद तीर्थंकर पर कलशों से जन्माभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह से भगवान का नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## बेगा रोड पर नालों की सफाई न होने से सड़क पर भरा दूषित पानी, वाहन चालकों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

बेगा रोड पर गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए नालों की सफाई न होने के कारण नाले ओवरफ्लों हो गए है। जिससे नाले का गंदा पानी सड़क पर जमा होने के कारण वाहन चालकों की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं दुकानों के आगे भरे गंदे पानी के कारण दुकानदारों की दुकानदारी प्रभावित हो रही है। इसका मुख्य कारण नालों की कई कई महीनों तक सफाई नहीं होना है। इससे दुकानदारों व वाहन चालकों में प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है। वाहन चालक सुरेन्द्र, सतबीर, महेन्द्र, विकास ने बताया कि गंदे नालों की सफाई न होने के कारण नालों का गंदा पानी सड़क पर आने लगा है। कई दुकानों के आगे तो नालों के साथ- साथ गंदा पानी खड़ा हो गया है। जिससे दुकानों में सामान लेकर आने वाले लोगों को परेशानी होती है। इसके अलावा तेज गति से गुजरने वाले वाहन चालक सड़क पर जमाव हुए पानी के कारण परेशानी का कारण बन जाते है। आसपास के मकान मालिकों के लिए भी बड़ी मुसीबत खड़ी हो चुकी है। इतना ही नहीं, दुपहिया वाहनों के लिए भी यहां से निकलना दिक्कतों भरा है। उनका कहना कि पानी सिर्फ सड़क पर ही नहीं बल्कि गंदगी से अटे पड़े नालों में भी है। उनका कहना कि ऐसे में स्थिति विकट बनी हुई है लेकिन ध्यान देने वाला कोई नहीं है। लोगों ने प्रशासन से बेगा रोड पर नालों की सफाई करने की मांग की है।



गन्नौर। नाले ओवरफ्लों होने के कारण सड़क पर भरा हुआ दूषित पानी।

## खबर संक्षेप



### ज्योति, अंशु और कोमल ने मारी बाजी

**सोनीपत।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शुक्रवार को सुभाष स्टेडियम में महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजिन किया गया, जिसकी शुरूआत बतौर मुख्यातिथि परियोजना अधिकारी प्रवीण कुमारी द्वारा की गई। इस प्रतियोगिता में सोनीपत शहरी खण्ड में आने वाले क्षेत्र की 250 लड़कियों व महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान म्युजिकल चेयर प्रतियोगिता में गांव इंद्रावती ने प्रथम, राखी ने द्वितीय तथा लतीका ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में मुकेश, 100 मीटर दौड़ में ज्योति, 300 मीटर दौड़ में अंशु, 400 मीटर दौड़ में कोमल, 5 किलोमीटर साईकिल रेस में अंजु प्रथम स्थान पर रहे।

### महिला विश्वविद्यालय में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां में शुक्रवार को हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक संविधान प्रस्तावना वाचन का आयोजन किया गया। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने अपने संदेश में कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हैं। महिला विश्वविद्यालय के विधि विभाग एवं राजनीति विज्ञान विभाग में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया तथा सामूहिक शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर विधि विभाग की अध्यक्षा डॉ. सीमा दहिया तथा राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. रामपाल भट्टी सहित विभाग के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

शिक्षा विभाग के तत्वाधान में करवाया गया था सर्वे

# ड्रापआउट बच्चों की पहचान हुई, 1223 बच्चे फिर लौटेंगे शिक्षा की राह पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पढ़ाई को बीच में छोड़ चुके बच्चों के हाथों में फिर से किताबें देने के लिये शिक्षा विभाग ने कमर कस ली है। नए साल की शुरूआत पर शुरू किए गए सर्वे के तहत 1223 बच्चों का पता चला है। शिक्षा स्वयंसेवकों ने जिले में सर्वे किया था। 1 से 15 जनवरी तक चले सर्वे के बाद चिन्हित किए गए बच्चों को फिर से शिक्षा की राह पर लाया जाएगा। जिसके तहत अब इन बच्चों को नए शैक्षणिक सत्र से स्कूलों में दाखिला दिलवाएंगे। इसके लिए उनके परिजनों से संपर्क कर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए मनाया जाएगा। सहायक परियोजना समन्वयक डॉ. अतर सिंह ने बताया कि हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की तरफ से सभी बच्चों को शिक्षा की डगर पर लाने और सौ फीसदी नामांकन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सर्वे करवाया गया है। जनवरी माह के पहले पखवाड़े में करवाए गए सर्वे को बेहतर तरीके से करने के लिए शिक्षा स्वयंसेवकों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। सभी शिक्षा स्वयंसेवकों ने अपने क्षेत्रों में सर्वे कर स्कूल छोड़ चुके बच्चों की पहचान की और उनके अभिभावकों से मिलकर इन बच्चों को दोबारा शिक्षा की डगर पर लाने के लिए उन्हें मनाया। ड्रॉप आउट बच्चों की पहचान के लिए 1 से 15 जनवरी तक चार चरणों स्कूल स्तर, कलस्टर स्तर, खंड स्तर व जिला स्तर पर सर्वे चलाया गया। जिसमें राई खंड में सबसे अधिक 488 बच्चे मिले हैं। जबकि सबसे कम 15 विद्यार्थी कथूरा खंड में मिले हैं। जिनका नए शैक्षणिक सत्र में दाखिला करवाया जाएगा।

#### ड्रापआउट करना है शून्य



शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि जिले में ड्रॉपआउट को शून्य करने के लिए बेहतर तरीके से कार्य किया जा रहा है। एनईपी-2020 का उद्देश्य है कि सभी बच्चे स्कूलों में नामांकित हों और नियमित रूप से स्कूलों में उपस्थित हों। शिक्षा विभाग बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रयासरत है। इसी प्रयासों के तहत सर्वे करवाया गया है।

#### इतने बच्चे मिले

| खंड | बच्चे |
|---|---|
| सोनीपत | 335 |
| राई | 488 |
| गोहाना | 73 |
| खरखौदा | 38 |
| गन्नौर | 274 |
| कथूरा | 15 |
| कुल | 1223 |

#### शिक्षा से वंचित न रहें

ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान करने के लिए चलाए गए सर्वे में जिले में 1223 बच्चे ऐसे मिले हैं, जो किन्हीं कारणों से स्कूल छोड़ चुके हैं। इन बच्चों के अभिभावकों से मिलकर बच्चों का दाखिला दोबारा स्कूल में कराने के लिए मनाया गया है। विभाग का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे।

**-रचना बाना, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, सोनीपत**

## मीट की दुकानों शहर से बाहर हों : दहिया खाप



**खरखौदा।** मीट की दुकानों को बंद करने की मांग करते खाप प्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

दहिया खाप ने खरखौदा की मीट की सभी दुकानों को शहर से बाहर करने की मांग की है। खाप प्रधान जयपाल दहिया की अगुवाई में खाप के प्रतिनिधियों ने प्रेस कांफ्रेस की। जिसके माध्यम से मांग की गई है कि खरखौदा शहर से मीट की सभी दुकानों को बाहर किया जाए। अगर प्रशासन जल्द इस संदर्भ में सकारात्मक कार्रवाई नहीं करता है तो दहिया खाप आंदोलन करने को बाध्य होगी। प्रेस वार्ता के बाद दहिया खाप के प्रतिनिधि एसडीएम डा. निर्मल नागर से भी मिले और उन्होंने मीट की दुकानों को दूर दराज अन्यत्र जगह देने की मांग की है।

#### समाधान होगा

खरखौदा शहर में जो भी मीट की दुकानें हैं। उन्हें स्थाई रूप से शहर से बाहर किया जाएगा। अभी मटिंडू मार्ग की मीट की दुकानें बंद है, शहर की सभी दुकानें जल्द बंद कराई जाएंगी। नगरपालिका द्वारा उन्हें एकांत में जगह दी जाएगी। वे वहां पर अपना खोखा लगा सकेंगे। नगरपालिका द्वारा उन्हें अनुमति दी जाएगी। एक महीने के अंदर अंदर मीट मार्केट का स्थाई समाधान किया जाएगा।

**-डॉ. निर्मल नागर, एसडीएम, खरखौदा**

## नेताओं ने कृष्णा गौड़ को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** स्व. कृष्णा गौड़ के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए गणमान्य व्यक्ति।

राष्ट्रहित मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजसेवी पं. धर्मवीर गौड़ की धर्मपत्नी कृष्णा गौड़ की 13वीं पर शुक्रवार को श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। श्रद्धांजलि समारोह सोनीपत रोड स्थित गौड़ मार्केट, कृष्णा कालोनी में उनके निवास पर आयोजित किया गया। समारोह में नेताओं व गणमान्य व्यक्तियों ने पहुंचकर स्व. कृष्णा गौड़ को श्रद्धांजलि दी।

स्व. कृष्णा गौड़ (65) का 5 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया था। उनके श्रद्धांजलि समारोह में पूर्व कैबिनेट मंत्री व पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी, हरियाणा सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, यज्ञ सम्राट हरिओम महाराज, पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, राजीव जैन, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, पूर्व जनरल डीपी वत्स, ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष पं. जिले राम पिचौलिया, सफिदो से विधायक राम कुमार गौतम, बरोदा से विधायक इंदुराज नरवाल, खरखौदा से विधायक पवन खरखौदा, पूर्व एचपीएससी सदस्य सुरेंद्र शर्मा, सोनीपत से पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक, सांसद सतपाल ब्राह्मचारी, डॉ. कपूर नरवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा व भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा समारोह में श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इस अवसर पर शोकाकुल परिवार से स्व. कृष्णा गौड़ जेठ वेद प्रकाश गौड़, बेटे अनिल गौड़, परशुराम गौड़, भतीजे कृष्ण, नरेश गौड़, सुनील गौड़, मुकेश गौड़, व नंदकिशोर गौड़ उपस्थित रहे।

## 'भारत के वीर एक शौर्य गाथा' थीम पर साइकिल अभियान आज सोनीपत पहुंचेंगा, होगा स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




**सोनीपत।** साइकिल अभियान को रवाना करते हुए।

12 हरियाणा बटालियन एनसीसी सोनीपत के कमान अधिकारी, कर्नल अनूप रावत ने बताया कि भारत के वीरः एक शौर्य गाथा थीम पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा एक साइकिल अभियान आयोजित किया जा रहा है। यह अभियान 8 पंजाब बटालियन एनसीसी फगवाड़ा के कैडेट्स द्वारा 7 जनवरी को पंजाब के हुसैनीवाला से शुरू हुआ और 20 जनवरी को नई दिल्ली स्थित डीजी एनसीसी ग्राउंड पहुंचेगा। इस अभियान में अधिकारियों और कैडेट्स सहित 24 सदस्य शामिल हैं। 20 से 28 जनवरी तक कैडेट्स डीजी एनसीसी कैंप में रहेंगे। 28 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अभियान में शामिल कैडेट्स को सम्मानित करेंगे। **18 जनवरी :** साइकिल यात्रा का स्वागत दीनबंधु सर छोटू राम यूनिवर्सिटी, मुरथल, सोनीपत में किया जाएगा। इस मौके पर मुरथल यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, कमान अधिकारी कर्नल अनूप रावत, मेजर संजय श्योराण, लेफ्टिनेंट डॉ. प्रदीप कुमार, सूबेदार मेजर सुरेश कुमार और सूबेदार रणवीर सिंह मौजूद रहेंगे। **19 जनवरी :** सुबह 9:00 बजे एनसीसी ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर विकास राय शांडिल्य द्वारा सोनीपत से फ्लैग-ऑफ किया जाएगा। यह यात्रा बवाना, नजफगढ़ होते हुए गुरुग्राम पहुंचेगी। **20 जनवरी :** गुरुग्राम से यात्रा नई दिल्ली के डीजी एनसीसी परेड ग्राउंड पहुंचेगी। इस अभियान के दौरान कैडेट्स 703 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे।

## पंचायत विभाग ने गांव गढ़ी कला में जोहड़ की चारदीवारी की निर्माण सामग्री के लिए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गढ़ी कला गांव में दूषित पानी के जोहड़ की पंचायत विभाग द्वारा चारदीवारी करवाई जा रही थी। ग्रामीणों ने दीवार के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एसडीएम गन्नौर मनीष कुमार फौगाट को दी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एसडीएम ने पंचायत विभाग के एक्सईएन को सामग्री की जांच के आदेश दिए। जिस पर पंचायत विभाग द्वारा मौके पर पहुंच कर दीवार का निर्माण कार्य रुकवा दिया और निर्माण सामग्री के सैंपल ले कर जांच के लिए लैब में भेज दिए हैं। विभाग के एसडीओ विपुल छौक्कर ने बताया कि लैब में भेजे गए सैंपल यदि फेल हो गए तो निर्माण एजेंसी पर जुर्माना कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पंचायत सदस्य आरिफ, ग्रामीण संदीप, सतीश, सलीम, नौशाद, सज्जाद के अनुसार दीवार निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। दीवार बनने के बाद कभी भी गिर सकती है। दीवार के निर्माण के लिए निम्न स्तर की ईंटे लगाई जा रही हैं। उनके कहने पर भी ठेकेदार द्वारा कार्य में सुधार नहीं किया गया। सैंपल जांच के बाद स्पष्ट हो जाएगा कि जोहड़ निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का ही प्रयोग किया है।

## प्रतिभा सुवधाओं की मोहताज नहीं : ओमप्रकाश गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



ओमप्रकाश गोयल

प्रतिभा सुविधाओं की मोहताज नहीं होती है। सफल बनने के लिए मन में दृढ़ संकल्प, कठोर मेहनत व अनुशासबद्ध रहते हुए आगे बढने की जरूरत होती है। जो विद्यार्थी प्रतिभाशाली होते हैं वे सीमित शिक्षा सुविधाओं के चलते भी सफलता हासिल कर लेते हैं। यह बात गोहाना में खानपुर कलां मार्ग स्थित लिटल एंजल्स कॉन्वेंट स्कूल के एमडी ओमप्रकाश गोयल ने कही। उन्होंने कहा कि युवाओं को मेहनत में विश्वास रखना चाहिए। कुछ युवा केवल भाग्य के भरोसे बैठे रहते हैं। लेकिन भाग्य भी उन्हीं का साथ देता है जो मेहनती होती हैं और जिनमें कुछ अलग कर दिखाने की जिज्ञासा होती है। एमडी ओमप्रकाश गोयल ने कहा कि युवा लक्ष्य के साथ आगे बढ़ें और उसे हासिल करने के लिए मेहनत करें। कठोर मेहनत, अनुशासन, लग्न और मन में दृढ़ संकल्प जैसे गुण सफलता का आधार बनते हैं।

## काव्य पाठ लावण्या ने पाया दूसरा स्थान



**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल गन्नौर की छात्रा लावण्या मलिक ने भारत मंडपम दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव की काव्य पाठ प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह युवा महोत्सव 10 से 12 जनवरी तक आयोजित हुआ। विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्या रजनी शर्मा ने लावण्या एवं उनके परिवार को सम्मानित किया। इस अवसर पर रजनी शर्मा ने कहा कि स्कूल में शिक्षा और सह-पाठयक्रम गतिविधियों पर भी जोर दिया जाता है। लावण्या मलिक की इस उपलब्धि से स्कूल की प्रतिष्ठा बढ़ी है। लावण्या प्रेरणा का स्रोत बनेगी। ऐसी उपलब्धी विद्यार्थियों के विकास की यात्रा में दिशा देगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

3169 ने दी थी परीक्षा, अब दूसरे चरण की परीक्षा में बैठेंगे पास होने वाले विद्यार्थी

# बुनियाद में 1057 रहे सफल, देवराज ने किया टॉप

- सोनीपत खंड के सबसे अधिक विद्यार्थियों ने पास की परीक्षा, कथूरा के सबसे कम
- छात्राएं रही आगे, 579 लड़कियों तो 478 लड़के हुए पास
- मॉडल टाउन के राजकीय मॉडल विद्यालय के 38 विद्यार्थियों ने पास की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राजकीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिय तैयार करने के लिये शिक्षा विभाग ने बुनियाद योजना शुरू की थी। जिसके तहत दिसंबर में परीक्षा का आयोजन किया गया था। पहले लेवल के तहत खंड स्तर पर आयोजित की गई परीक्षा का शुक्रवार को परिणाम जारी कर दिया गया। जिले का परीक्षा परिणाम 33.35 प्रतिशत रहा। जिसके तहत 1057 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। जिसमें से पास होने वाली लड़कियों की संख्या लड़कों से अधिक रही। राई खंड के गांव रसोई स्थित राजकीय उच्च विद्यालय के देवराज ने 131 अंक हासिल कर प्रथम स्थान हासिल किया है। स्कूलों की बात करें तो सोनीपत के मॉडल टाउन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने टॉप किया है। इस स्कूल के 38 विद्यार्थियों ने बाजी मारी है, जिसमें 7 छात्राएं व 31 छात्र शामिल रहे। वहीं खंड के हिसाब से सबसे अधिक सोनीपत खंड के विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की है। जबकि दूसरे नंबर पर राई खंड रहा। परीक्षा उतीर्ण करने वाले सबसे कम विद्यार्थी कथूरा खंड के रहे। मिशन बुनियाद के बुनियाद लेवल-1 की परीक्षा 24 दिसंबर 2024 को आयोजित की गई थी। परीक्षा को लेकर जिले में 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन परीक्षा केंद्रों पर जिले भर से 3805 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया था। हालांकि परीक्षा में 3169 विद्यार्थियों ने ही अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई थी। शुक्रवार को जारी किए गए परीक्षा परिणाम में इनमें 1057 विद्यार्थियों ने बाजी मारी है। परीक्षा में लड़कियों ने बाजी मारी है। जिले में 579 लड़कियों व 478 लडक़े पास हुए है। परीक्षा में सफल रहने वाले विद्यार्थी अब 28 जनवरी को लेवल-2 की परीक्षा देंगे। बुनियाद परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए निशुल्क कोचिंग की सुविधा दी जाएगी।

#### ये हैं टॉप थ्री विद्यार्थी

| विद्यार्थी | प्राप्तांक | स्कूल |
|---|---|---|
| देवराज | 131 | राजकीय उच्च विद्यालय, रसोई, राई |
| खुशबू | 122 | राजकीय कन्या व. मा. विद्यालय, गोहाना |
| वंश | 118 | राजकीय कन्या व. मा. विद्यालय, शामड़ी, मुंडलाना |

#### जिले के टॉप तीन स्कूल

| खंड | स्कूल | उत्तीर्ण विद्यार्थी |
|---|---|---|
| सोनीपत | मॉडल संस्कृति व. मा. विद्यालय, मॉडल टाउन | 38 |
| राई | मॉडल संस्कृति व. मा. विद्यालय, बीसवांमील | 35 |
| सोनीपत | कन्या व. मा. विद्यालय, मुरथल अड्डा | 24 |

#### किस खंड के कितने विद्यार्थी उत्तीर्ण

| खंड | परीक्षा दी | उत्तीर्ण | छात्राएं | छात्र |
|---|---|---|---|---|
| सोनीपत | 963 | 313 | 166 | 147 |
| गन्नौर | 532 | 159 | 96 | 63 |
| गोहाना | 348 | 133 | 80 | 53 |
| कथूरा | 174 | 59 | 32 | 27 |
| मुडलाना | 304 | 97 | 49 | 48 |
| खरखौदा | 261 | 96 | 51 | 45 |
| राई | 587 | 200 | 105 | 95 |
| कुल | 3169 | 1057 | 579 | 478 |

#### तीन दिन बाद रोल नंबर डाउनलोड कर सकेंगे

-बुनियाद लेवल-1 की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। जिसमें 1057 विद्यार्थियों ने बाजी मारी है। जिले का परिणाम फीसद 33.35 फीसदी रहा है। उत्तीर्ण रहने वाले विद्यार्थी अब 28 जनवरी को लेवल-2 की परीक्षा देंगे। इसके लिए वह तीन दिन बाद अपना रोल नंबर डाउनलोड कर सकेंगे।

**-सुरेंद्र सिंह, जिला विज्ञान विशेषज्ञ, सोनीपत**

### डीसीआरयूएसटी में मनाया हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान अभियान



**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के कुलपति प्रो. श्री प्रकाश सिंह ने कहा कि हमारा संविधान भारत की सदियों पुरानी संस्कृति, इतिहास और परंपराओं का आइना है। उन्होंने कहा कि संविधान की मूल प्रति में 22 लघु चित्र हैं, इसे हमारे संविधान निर्माताओं ने बहुत सोच समझ कर अंकित किया है। डीसीआरयूएसटी, मुरथल में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह थे, जबकि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नवनियुक्त रजिस्ट्रार डा. अजय कुमार थे। कार्यक्रम में विषय प्रस्तावना एनसीसी निदेशक डा. प्रदीप सिंह ने रखी। मंच संचालन डा.ममता भगत ने किया। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।